तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 विकसित कृषि संकल्प यात्रा, विधायक ने हरी झंडी ...



14 नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण




## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें । केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खोपली में अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि मैं 28 मई को शिव शक्ति महिला समूह ग्राम खोपली द्वारा सूचना दी गई कि गांव के खेमराज घृतलहरे द्वारा अवैध शराब बिक्री करने घर में रखा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर शराब पीने वाले भाग निकली और मौके पर खेमराज घृतलहरे पिता हरप्रसाद घृतलहरे (34 वर्ष) खोपली के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने पथरला से मोहगांव मार्ग में नाला के पास आरोपी अमरनाथ श्रीवास पिता जुलुस कुमार श्रीवास (36 साल) पथरला के कब्जे से करीब 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। इसी तरह ग्राम तिलकुपर में मुखबीर सूचना पर आरोपी बेदराम कोसरिया पिता दादूराम कोसरिया (42 साल) तिलकपुर के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गौरिया की एक महिला के साथ दामाद और उसके भाई ने मारपीट कर दी। सांकरा पुलिस को प्रार्थिया सुरेखा सिदार पति गिरधारी सिदार (40 साल) गौरिया ने बताया कि 28 मई की रात करीब 11 बजे उसका दामाद ललकार सिंह सिदार उर्फ लीटी ने पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज कर रहा था, इसी बीच उसके भाई करम चंद सिदार ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया महासमुंद के स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण



प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर महासमुंद पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने नवापारा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय आयुष पॉली क्लीनिक और शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र खैरा का निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, येतराम साहू एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त शिखा राजपूत, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, मेडिकल अधीक्षक बसंत माहेश्वरी एवं सीएमएचओ पी कुदेशिया मौजूद रहे। शेष पेज 12 पर

निर्माण में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के स्वास्थ्य मंत्री स्पष्ट निर्देश

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया गया औचक निरीक्षण



छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुरुवार को जिला प्रवास के दौरान निर्माणाधीन नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, येतराम साहू एवं स्वास्थ अधिकारी मौजूद रहे। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायज़ा लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कटारिया, संभागायुक्त शिखा राजपूत, महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, डीन डॉ. डीए रेणुका गहने तथा मेडिकल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी भी उपस्थित रहे। शेष पेज 12 पर

**बैठक :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और जनहितकारी बनाने लिए गए कई अहम निर्णय

# महासमुंद मेडिकल कॉलेज से अच्छे और सेवाभावी डॉक्टर निकलें: मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- महासमुंद में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में हुई स्वशासी समिति साधारण सभा की बैठक
- साधारण सभा की बैठक में एक्सरे, एम्बुलेंस, सिटी स्कैन और अन्य सुविधाओं के लिए अनुमोदन
- प्राइवेट हॉस्पिटल के तर्ज पर शासकीय चिकित्सालयों में भी दी जाएगी सुविधा

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में मेडिकल कॉलेज की स्वशासी समिति की साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत व जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय लिए गए। मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को मेडिकल टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। निजी अस्पतालों की स्थापना के लिए औद्योगिक नीति के तहत 35 से लेकर 55 प्रतिशत छूट दिया जा रहा हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज टीम से कहा कि बेहतर सेवा के साथ इस क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज को एक नई पहचान देवें।

बैठक में सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, आयुक्त शिखा राजपूत, कमिश्नर महादेव कांवरे, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, संचालक डॉ. यूएस पैकरा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, डीन डॉ. डीए रेणुका गहने एवं मेडिकल अधीक्षक बसंत माहेश्वरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया सहित समिति के सदस्य तथा शासकीय एवं निजी चिकित्सालय के चिकित्सक उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बैठक के दौरान कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि महासमुंद अंचल में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। यहां से अच्छे और सेवाभावी डॉक्टर निकले। ताकि, मरीजों का बेहतर उपचार हो सके।

शेष पेज 12 पर



### जिला अस्पताल में उपचार के पूर्व निर्धारित दरों की हुई समीक्षा

बैठक के दौरान महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए पूर्व निर्धारित दरों की समीक्षा की और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में निर्माणाधीन आधारभूत संरचनाओं को तय समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के तहत आवश्यकतानुसार पदों पर भर्ती की स्वीकृति भी दी गई। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लाइब्रेरी, सीसीटीवी कैमरा, सम्मेलन प्रशिक्षण के लिए राशि, एक्स-रे मशीन, निश्चेतना विभाग हेतु ऑटोमेटेड मशीन, एयर कंडीशनर, एंबुलेंस के लिए सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही सिटी स्कैन मशीनों के लिए निजी अस्पतालों से अनुबंध कर मरीजों को सुविधा देने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि जिला चिकित्सालय के उन्नयन के लिए 60 करोड़ रुपए प्रावधानित किया गया है। बैठक में अधिष्ठाता एवं सदस्य सचिव डॉ. रेणुका गहने ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मौजूद सदस्यों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिस पर सहमति व्यक्त की गई।

## मंत्री ने किया मरीजों से की आत्मीय संवाद



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सुशासन तिहार के तृतीय चरण के तहत जिला महासमुंद के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने महासमुंद पहुंचकर जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और मरीजों से मुलाक़ात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, येतराम साहू एवं स्वास्थ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने पंजीयन काउंटर का अवलोकन कर पंजीयन की जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि आज कुल 391 लोगों का पंजीयन किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त शिखा राजपूत, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, डीन डीए रेणुका गहने एवं मेडिकल अधीक्षक बसंत माहेश्वरी मौजूद रहे। उन्होंने डायलिसिस यूनिट के निरीक्षण के दौरान शेष पेज 12 पर

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पावर प्लांट से मजदूरी कर वापस लौट रहे एक युवक के साथ ग्राम बम्हनी में मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज का है। पुलिस को प्रार्थी तरूण पाल निवासी बम्हनी ने बताया कि 27 मई को बेलसोण्डा पावर प्लांट से वह और उसका दोस्त जितेंद्र साहू मोटर साइकिल से वास गांव लौट रहे थे, रात 9 बजे नांदगांव रोड राजू पत्थर पॉलिस फैक्ट्री के पास ग्राम बम्हनी पहुंचे, उसी समय देखा कि उसके गांव का मिथलेश यादव अपनी मोटर सायकल से आ रहा था, और कुछ दूर जाकर अपनी गाडी से स्लिप होकर गिर गया। वह अपने दोस्त जितेंद्र साहू के साथ मिथलेश यादव को उठाने गया तो मिथलेश यादव हम दोनों से गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि तुम लोगों के कारण अपनी गाड़ी से गिरा हूं कहकर विवाद करने लगा और अपने मोबाईल से फोन करके भाई एवं अपने पिता को बुला लिया। कुछ देर में उसका भाई हरीश यादव तथा उसके पिता गिरवथ यादव आए और हम लोगो को गालियां देकर हाथ मुक्का, बेल्ट एवं डंडे से मारपीट करने लगे। प्रार्थी ने बताया कि मारपीट से जितेंद्र साहू के सिर, गर्दन एवं पैर में चोटें आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### लकड़ी लेने जंगल गई युवती पर भालू का हमला

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली क्षेत्र के ग्राम समदरहा में लकड़ी लेने के लिए जंगल गई एक युवती पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले से युवती घायल हो गई। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया गया है। वन विभाग ने तत्कालीन प्राथमिक उपचार के लिए 500 रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की है। वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार सुनीता बरिहा पिता सरंथो (19) निवासी रेहटीखोल अपने मामा गांव समदरहा गई थी। ग्रामीण महिलाएं अनादी साहू, नमिता बरिहा, अंजू बारीक, सुनीता साहू, सुष्मिता बरिहा आदि के साथ सूखी लकड़ी लेने के लिए महुआ झरनी जंगल 28 मई को सुबह लगभग 8 बजे निकली थी। सभी लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान एक साथ चार भालू जंगल से नीचे की ओर उतर रहे थे। भालुओं से उनका सामना हो गया। मादा भालू ने अपने शावकों को बचाने के लिए महिलाओं को दौड़ाया। भालू को देखकर 5-6 महिलाएं भागने में सफल हो गईं। सुनीता बरिहा गिर गई और भालू ने उस पर हमला कर दिया। चिल्लाने के बाद भालू वहां से भाग गया। ग्रामीणों को भालू के हमले की खबर लगने पर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भालुओं को खदेड़ा। सुनीता बरिहा को डायल 112 वाहन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज है। मालूम हो कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो लोगों पर पिछले माह भी भालुओं ने हमला कर दिया था।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने औषधि प्रतिष्ठानों की सघन जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने मई माह में कुल 73 फर्म का किया गया निरीक्षण

जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के साथ लोगों को गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने मई माह में कुल 73 फर्म का निरीक्षण किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दिए गए आदेशानुसार तथा उप संचालक डॉ. पी कुदेशिया एवं सहायक औषधि नियंत्रक तृप्ति जैन के मार्गदर्शन में संयुक्त दल द्वारा चार औषधि प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। साथ ही इस दौरान खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेज, अभिलेख एवं रजिस्टर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडेय एवं अवधेश भारद्वाज मौजूद रहे।

जांच में पांच औषधि प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाए जाने पर औषधि एवं प्रसारण सामग्री अधिनियम 1940 व नियमावली 1945 के तहत कार्रवाई प्रचलन में है। साथ ही चिकित्सक की पर्ची के बगैर मनः प्रभावी दवाएं बेचने निर्देश भी दुकान संचालकों को दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। अधिकांश दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगा पाया गया एवं शेष दुकानों को सात दिवस में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

### जांच के लिए भेजे गए सैंपल

औषधि की गुणवत्ता की जांच के लिए कुल 6 औषधियों का नमूना औषधि रेबिटीज 20 विकासखंड पिथौरा, औषधि सिप्रोसीन 40 एवं औषधि कोल्डिन प्लस डीएस 60 एमएल विकासखंड महासमुंद, औषधि जुरासेफ टेबलेट आईपी 200 मिलीग्राम एवं औषधि निमुसेट टेबलेट विकासखंड सरायपाली एवं औषधि एस्थालीन 2 विकासखंड बागबाहरा की औषधि प्रतिष्ठानों से संकलित कर जांच हेतु राज्य और की परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया।

गुरुवार को भी दिनभर बादल छाए रहे और होती रही बूंदाबांदी

# नौतपा में ही पहुंच गया मानसून और प्री मानसून, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सालों बाद नौतपा में ही प्री मानसूनी बारिश और मानसूनी बरसात लोगों को तरबतर कर रहा है। खेती किसानी में लोग जुटते और अकरस जुताई कर पाते इससे पहले ही यह प्रतीत हो रहा है कि नौतपा में ही प्री मानसून और मानसूनी बारिश शुरु हो गई है।

इस बार मानसून के थोड़ा जल्दी आने का अनुमान था। बता दें कि दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन दक्षिणी छत्तीसगढ़ में हो चुका है। किसान अभी खरीफ फसल लेने की तैयारी भी नहीं कर पाए थे। बता दें कि प्री मानसून के बाद अकरस जुताई का कार्य शुरु होता है वहीं हर बार जिले में मानसून सामान्य तौर पर 14 जून के आस-पास पहुंचता है, लेकिन इस बार मई माह के अंतिम सप्ताह में ही मानसून जिले में प्रवेश कर रहा है, वहीं अभी नौतपा भी खत्म नही हुआ है। केरल में मानसून के शीघ्र पहुंचने के बाद आठ जून तक मानसून महासमुंद जिले में पहुंचने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन दंतेवाड़ा में मानसून ने दस्तक दे दी है। इस वर्ष पूरे मई माह में हर-दूसरे और तीसरे दिन बारिश हुई है। इधर, बंगाल की खाड़ी में निन दबाव का क्षेत्र बना



हुआ है। जिसके कारण बारिश हो रही है। चक्रवात और द्रोणिका के असर से मानसून सीजन में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। आम तौर पर नौतपा में सूर्य अपने तेवर दिखता है, लेकिन इस बार मई महीने में गर्मी से राहत मिली है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एसके वर्मा ने बताया कि दक्षिणी छत्तीसगढ़ में मानसून दस्तक दे चुका है। दो-तीन दिन में मानसून महासमुंद पहुंच सकता है।

### खरीफ फसल की तैयारी

जिले में दो लाख 59 हजार 327 हैक्टेयर में खरीफ फसल लेने की योजना बनाई गई है। इसमें धान की फसल दो लाख 46 हजार 318 हेक्टेयर में ली जाएगी। इसके अलावा दलहन की फसल 8534 हेक्टेयर में लेने की योजना बनाई गई है।

### खाद व बीज का वितरण

जिले में खाद भंडारण का लक्ष्य 100910 टन है। जिले में अब तक 31680 टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। 17386 टन का वितरण किया गया है। अब तक 29 हजार 236 का वितरण होना शेष है। जिले में यूरिया 56100 टन का भंडारण का लक्ष्य है। 17504 भंडारण किया गया है। 1339 वितरण किया गया है। 16165 टन वितरण शेष है। डीएपी का लक्ष्य 22200 टन है। 3213 भंडारण किया गया है। वितरण 240 टन किया गया है और 2682 टन वितरण शेष है।

## खबर संक्षेप

### चेन स्नैचिंग का फरार आरोपी युवक गांजा के साथ गिरफ्तार



रायपुर। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने एक आदतन बदमाश तथा चेन स्नैचिंग के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने मूलतः बलौदाबाजार निवासी विशाल खेलावर उर्फ चिकू को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। विशाल के खिलाफ विधानसभा, पंडरी तथा कई अन्य थाना क्षेत्र में मारपीट सहित अन्य मामलों में अपराध दर्ज हैं।

### चाकू की नोक पर कैश, जेवर लूट का आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। कबीर नगर थाने की पुलिस ने घर घुसकर नाबालिग को चाकू की नोक पर डरा धमकाकर कैश एक लाख रुपए सहित तीन लाख रुपए कीमत का दो सोने का हार लूट के आरोप में मोंटी उर्फ विशिष्ट जैन उर्फ गुलाम मोहम्मद गौस को गिरफ्तार किया है। मोंटी के खिलाफ नंद कुमार मेश्राम ने लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। नंद ने पुलिस को बताया है कि 17 मई को उसकी पत्नी बाजार गई थी। इस दौरान मोंटी ने घर घुसकर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर लूट की।

### चाय ठेला में लगी आग

रायपुर। मेडिकल कांपलेक्स परिसर स्थित एक चाय ठेला में बुधवार रात आग लगने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। घटना रात साढ़े बजे की बताई जा रही है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार किसी गोल्डी नाम के व्यक्ति के चाय तथा नाश्ता ठेला में आग लगी थी।

### सोशल मीडिया में अश्लीलता 60 साल का बुजुर्ग गिरफ्तार

रायरपुर। खमतराई थाने की पुलिस ने दिल्ली साइबर सेल की सूचना पर एक 60 साल के बुजुर्ग को छोटी बच्चियों तथा महिलाओं के अश्लील वीडियो, फोटो सोशल मीडिया में पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया में छोटी बच्ची तथा महिलाओं की अश्लील सामग्री पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने उरकुरा निवासी सुरेंद्र कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर मारपीट आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आजाद चौक थाने की पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। लाखे नगर पटाखा दुकान में काम करने वाले अजय कुमार की शिकायत पर पुलिस ने ईदगाह भाठा निवासी शेख जुबेर को गिरफ्तार किया है। अजय ने शिकायत दर्ज कराई है कि पांच दिन पूर्व 24 मई को वह रात साढ़े आठ बजे अपने घर जा रहा था।


## घटना शहर के व्यस्ततम मार्ग जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन के पास

# बांस के सहारे रिलायंस डिजिटल में घुसा चोर और ले उड़ा 11 लाख के आईफोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के व्यस्ततम मार्ग जीई रोड अनुपम गार्डन स्थित रिलायंस डिजिटल स्टोर में अज्ञात चोर ने 11 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के 17 आईफोन पर हाथ साफ कर दिया। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें चोर डिजिटल स्टोर के पास बिल्डिंग के बांस के सहारे पहली मंजिल पर चढ़ता है। इसके बाद कांच को तोड़कर स्टोर के अंदर प्रवेश कर ग्राउंड फ्लोर पहुंचकर रैक में रखे मोबाइल फोन झोले के अंदर डालकर ले जाता है। मामले की जांच सरस्वती नगर तथा क्राइम ब्रांच पुलिस कर रही है। डिजिटल स्टोर के डिपार्टमेंट मैनेजर सोमनाथ लसेर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि 25-26 मई की दरमियानी रात डेढ़ से दो बजे के बीच अज्ञात चोर एप्पल मोबाइल के काउंटर में पहुंचा और रैक में रखे आईफोन चोरी कर ले गया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने चोर को भागते हुए देखा।





### इसलिए बांस के सहारे बिल्डिंग में प्रवेश

पुलिस ने चोरी को लेकर आशंका व्यक्त की है कि मेन गेट से अंदर दाखिल होने पर सिक्यूरिटी अलार्म बज सकता था। इसलिए शातिर ने डिजिटल स्टोर से सटे एक अन्य रिलायंस का शोरूम जहां रिपेयरिंग का काम चल रहा है, उस शोरूम के ऊपर से नीचे तक बांस लगा हुआ है। शातिर इसका फायदा उठाते हुए जिस शोरूम में रिपेयरिंग का काम चल रहा है, उस शोरूम के बांस की मदद से डिजिटल स्टोर की पहली मंजिल में प्रवेश कर सीढ़ी के सहारे ग्राउंड फ्लोर पहुंचकर चोरी की।

### घटना स्थल पर मिली संदिग्ध दोपहिया चोरी की निकली

घटना स्थल के पास पुलिस को एक सफेद एक्टिवा संदिग्ध हालत में मिली। नंबर की पड़ताल करने पर उसके चौबे कालोनी से चोरी होने की जानकारी मिली। चोर जिस एक्टिवा में चोरी करने पहुंचा था, उस एक्टिवा की पुलिस को स्टोर रूम में चाबी मिली है। आशंका जताई जा रही है, हड़बड़ी में चोर के जेब से चाबी गिर गई होगी, इसलिए वह एक्टिवा को वहीं छोड़ फरार हो गया होगा।

### काले रंग की ड्रेस मास्क पहनकर पहुंचा था

जहां चोरी की घटना हुई है, वहां चोर अपनी पहचान छिपाने काले रंग की ड्रेस के साथ सिर के साथ चेहरे को काले रंग के मास्क के साथ ढका हुआ था। ऐसी ही एक घटना में दो नकाबपोश चोरों ने मौदहापारा थाना क्षेत्र के एक उपभोक्ता भंडार में प्रवेश कर नकदी ढाई लाख रुपए पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस उस मामले में भी अब तक चोरों के बारे में किसी तरह से सुराग नहीं ढूंढ पाई है।

### महंगे चोरी के मोबाइल का नेपाल बड़ा मार्केट

*पुलिस ईएमआई नंबर के आधार पर चोरी के आईफोन का आसानी से पता लगा सकती है। शातिर ने जहां चोरी की घटना की है, उसने उस स्टोर से किसी अन्य मोबाइल के साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को हाथ तक नहीं लगाया है। शातिर ऐसे नए चोरी के आईफोन के साथ मोबाइल को नेपाल में खपा देते हैं। ऐसे में चोर को पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है।*

### चोर के पकड़े जाने की चर्चा

*सूत्रों के अनुसार रिलायंस डिजिटल में आईफोन चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का माल बरामद होने के बाद पुलिस इस मामले में खुलासा कर सकती है। पुलिस ने चोर को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।*

## विलंब शुल्क के साथ 19 तक मौका

# 12वीं की पूरक परीक्षा सिर्फ एक दिन, 10वीं के लिए जारी होगी समय-सारिणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 15 जुलाई से कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा और 15 जुलाई को कक्षा 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा आयोजित करेगा। कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों के लिए पूरक परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू होगी। कंपार्टमेंट परीक्षा 2025 का टाइम टेबल जल्द ही जारी किया जाएगा। दसवीं की कंपार्टमेंट परीक्षा पृथक-पृथक दिनों में आयोजित होगी, जबकि 12वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा केवल एक दिन 15 जुलाई को होगा। प्राइवेट छात्र आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in. पर कम्पार्टमेंट या सुधार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं, जबकि नियमित छात्रों के आवेदन उनके संबंधित स्कूलों द्वारा जमा किए जाएंगे।

### प्रत्येक विषय के लिए 300 रुपए

अभ्यर्थियों को प्रत्येक विषय के लिए 300 रुपए जमा करने होंगे। भारत से बाहर के अभ्यर्थियों को प्रति विषय 1000 रुपए का भुगतान करना होगा तथा नेपाल के अभ्यर्थियों को 1000 रुपए जमा करने होंगे। देरी से आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र भरने का शुल्क 2000 रुपए है। सीबीएसई के आधिकारिक नोटिस के अनुसार, जो छात्र सीबीएसई 2023-24 परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे और पहले या दूसरे मौके में कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर पाए थे, वे केवल निजी उम्मीदवारों के रूप में तीसरी कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

# वैज्ञानिकों ने कृषकों को उद्यानिकी, पशुपालन एवं उन्नत कृषि के बारे में दी जानकारी

## झालखम्हरिया में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने जिले में 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जा रहा है।

कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत महासमुंद विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति झालखम्हरिया एवं खट्टी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत मोरधा, धनसूली, झालखम्हरिया, कनेकेरा, कोसरंगी, मांगरा एवं शेर के कृषकगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को उद्यानिकी, पशुपालन एवं उन्नत कृषि के बारे में जानकारी दी गई। टीम में कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी उपस्थित थे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति किशनपुर एवं टेका तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत गेर्रा मिडिल स्कूल एवं छिबर्रा पंचायत भवन में भी चौपाल लगाया गया। अलग-अलग विकासखंड में 3 टीमों द्वारा दो-दो पालियों में कार्यक्रम का संचालन किया गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 30 मई को बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत क्लस्टर ग्राम पंचायत हाथीबाहरा एवं टेका पंचायत भवन, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत परसवानी हाईस्कूल भवन एवं रिखादादर पंचायत भवन तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुवा एवं जम्हारी पंचायत भवन में विकसित कृषि संकल्प चौपाल का आयोजन होगा। इसी प्रकार शनिवार 31 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपुर सहकारी समिति एवं छपोराडीह पंचायत भवन, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा सहकारी समिति एवं लिमदरहा पंचायत भवन तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंघोड़ा एवं कलेंडा पंचायत भवन में, सोमवार 02 जून को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली पंचायत भवन एवं बावनकेरा सहकारी समिति, पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कसहीबाहरा एवं कोकोभाठा पंचायत भवन तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत डुमरपाली एवं अंतरझोला पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर गोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान

भाजपा जिला महासमुंद के निर्देशानुसार कोमाखान मंडल के नेतृत्व में लोकमाता पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जन्म जयंती पर गोष्ठी कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नितिन जैन, जनपद सदस्य लोचन पटेल, मंडल महामंत्रीद्वय हिरेंद्र उपाध्याय, लेखमणि पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता मूलचंद साहू, गोरख यादव, हलधर चंद्राकर रहे।

मंडल अध्यक्ष नितिन जैन द्वारा सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना सभी के समक्ष रखी गई। मुख्य वक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर ने अहिल्या बाई होलकर द्वारा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के लिए किए गए कार्यों पर अपनी बातें रखी। पुराने जनसंघी नेता एवं सोसायटी अध्यक्ष हलधर चंद्राकर का भाजपा मंडल कोमाखान की ओर से विशेष रूप से स्वागत अभिनंदन कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष उमा सोनी, केवल नेताम, मंडल मंत्री तुलसी साहू, जुगेश पटेल, वंदना ठाकुर, पूर्णिमा सोनवानी, कोषाध्यक्ष परमेश्वर चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी पतिराम साहू, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार चौधरी, बल्ला ठाकुर, केशव साहू, जनकराम मांझी, लच्छूराम सेन, पीलाबाई पांडे, परमेश्वर पटेल, प्रीतम चौधरी, सरपंच संघ के अध्यक्ष एवन साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जैन, युवा मोर्चा नेता भीमा साहू, गुलशन सुरमनी भाजपा नेता सोमनाथ चंद्राकर, गुलाब साहू, हरेश यादव, गुलशन साहू, डिगेश साहू, परमेश्वर सोनवानी, मुकेश गुप्ता, शीतल साहू, कपूर साहू, सतीश वाजपेयी, ज्ञानिक साहू, लालदास मानिकपुरी, मनोज चौधरी, नरेंद्र पटेल, अजय सिन्हा, दीपेंद्र यादव, राधेश्याम यादव, जगदीश पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री हिरेंद्र उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन मंडल के वरिष्ठ नेता लोचन पटेल ने किया।

# बाइक को आठ किलोमीटर तक घसीटता रहा कार चालक

रायपुर। सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार के बंपर में फंसी बाइक कई किलोमीटर दूर तक घिसटती दिख रही है। इस संबंध में पुलिस ने पुष्टि करते हुए कहा कि कार चालक बाइक को ठोकर मारने के बाद रुकने के बजाय कार के बंपर में फंसी बाइक को आठ किमी तक घिसटते हुए सिविल लाइंस थाना से माना थाना क्षेत्र तक ले गया। इस बीच बाइक से चिंगारी भी निकलती रही। सिविल लाइंस में सूरज निषाद ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 25 मई को पंडरी मटन मार्केट से गुजर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। इससे वह उछलकर दूर जा गिरा और उसकी बाइक कार में फंस गई।

## पेज 11 का शेष

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया....

निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्टाफ की उपस्थिति, औषधियों की उपलब्धता एवं वितरण प्रणाली, साफ-सफाई की स्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी जाना। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर नागरिक को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है, और इसके तहत शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को और बेहतर बनाया जा रहा है। मंत्री जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को आदर्श स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने को कहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महासमुंद में निर्माणाधीन ..

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने भवन निर्माण में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दिसंबर 2025 तक सभी सिविल वर्क पूरे करने के निर्देश दिए। समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर नियमानुसार पेनॉल्टी शुल्क लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने मंत्री को कॉलेज के निर्माण की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति, भविष्य की योजना और संभावित समय सीमा की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने अधिकारियों की टीम से यह सुनिश्चित करने कहा कि निर्माण कार्य समयसीमा के भीतर पूरा हो। उल्लेखनीय है कि निर्माणाधीन नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय 89.19 एकड़ में 325 करोड़ की अनुमोदित लागत से तैयार हो रहा है। महासमुंद में 125 सीटर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली है। कॉलेज भवन का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

### मेडिकल कॉलेज से अच्छे..

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि शासकीय अस्पतालों को निजी अस्पतालों के तर्ज पर अच्छी सी अच्छी और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन राशि की कमी नहीं है। यदि चिकित्सक पूर्ण मनोभाव और सेवा भाव से कार्य करें तो शासकीय चिकित्सालय भी लोगों के भरोसे पर खरा उतरेंगी। साधारण सभा की बैठक में महाविद्यालय की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए तंत्र को और अधिक सक्रिय और संवेदनशील बनाए जाने पर भी विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और महासमुंद जैसे जिलों में चिकित्सा सुविधाओं को व्यापक रूप से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी स्तरों पर सतर्कता और समन्वय बनाए रखें। बैठक में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि स्वशासी समिति को विभिन्न स्तरों पर खर्च करने के लिए छूट दी गई है। इसमें कमिश्नर स्तर पर गठित वित्त समिति के लिए 10 लाख रुपए तक की छूट दी गई है। प्रबंधकारिणी समिति 02 करोड़ रुपए तक की खरीदी एवं निर्माण कार्य करा सकती है। इससे स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि सभी खरीदी ई संपादन पोर्टल के माध्यम से किया जाए जो पूरी तरह से पारदर्शी है।

### मंत्री ने किया मरीजों से ....

वार्ड में किडनी पीड़ित मरीजों से भी मुलाक़ात की। उन्होंने मरीज कोमल रात्रे से बातचीत करते हुए उनके इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं मंत्री ने अस्थमा रोगी राजकुमार एवं पथरी का इलाज करा रहे सीताराम से चर्चा कर इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मेडिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड, बाल्य एवं शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्रीजायसवाल ने बाल्य एवं शिशु वार्ड में एसी और टीवी लगाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दे रही है और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलना चाहिए। जिला अस्पताल निरीक्षण तत्पश्चात स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर स्टाफ व विभिन्न मरीज मौजूद थे।

राशन दुकान एवं कार्डों के भौतिक सत्यापन में सामने आया आंकड़ा

# मौत के बाद नहीं कटे नाम, सैकड़ों कार्ड धारक मृतकों के कोटे का उठा रहे राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जारी किए गए राशन कार्डों में पिछले सालभर में दस हजार से अधिक सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें कई सदस्यों की मृत्यु हुए एक-दो हफ्ते नहीं, बल्कि कई महीने भी बीत चुके हैं, लेकिन इन मृत सदस्यों के नाम कार्ड से कटवाए नहीं गए हैं। इस तरह मृत्यु के बाद भी उस कार्ड के अन्य सदस्य मृतक के कोटे का राशन उचित मूल्य की दुकान से हर महीने उठा रहे हैं। खाद्य विभाग ने एक महीने पहले राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन किया है। इस सत्यापन के दौरान राशन दुकानों के संचालकों से उनकी दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों के जीवित और मृत सदस्यों का आंकड़ा सामने आया है। इसके बाद विभाग ने मृत सदस्यों के नाम कटवाने की प्रक्रिया शुरू करा दी है।

### मृतक सदस्यों के नाम काटने की प्रक्रिया शुरू



### सालभर में 10361 मृत मिले सदस्य

खाद्य विभाग ने उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को निर्देश दिए थे कि सभी दुकानों में पंजीकृत प्रत्येक कार्ड के कुल सदस्यों में किन-किन सदस्य की मृत्यु हो चुकी है, इसकी जानकारी एकत्र कर विभाग को दें। इस निर्देश के तहत राशन दुकान संचालकों ने पंजीकृत कार्डों के सदस्यों में मृतकों की जानकारी एकत्र की है। इसके तहत सालभर में जिले में 10361 सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, जिनमें से बहुत कम कार्ड धारकों ने मृत सदस्यों के नाम कार्ड से कटवाए हैं। नाम नहीं कटवाने के कारण मृत सदस्यों के कोटे का राशन भी दुकानों में हर महीने कार्ड धारकों को वितरण किया जा रहा है।

### ई-केवाईसी के दौरान ऑटोमैटिक ब्लॉक हुए थे सैकड़ों मृत सदस्यों के नाम

*केंद्र सरकार ने राशन दुकानों में सामग्री वितरण में पारदर्शिता बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसे देखते हुए ही ई-केवाईसी सिस्टम शुरू किया है। कोरोनाकाल के दौरान जिले में भी बड़ी संख्या में कई सदस्यों की भी मृत्यु हुई थी, जिनके नाम कार्ड से न ही हटाए गए थे और न ही कार्ड धारक या उनके अन्य सदस्यों ने नाम कटवाने के लिए आवेदन किए थे। ईकेवाईसी सिस्टम शुरू होने के बाद मृत सदस्यों के नाम भी ऑटोमैटिक ब्लॉक हो गए, क्योंकि केवाईसी के दौरान हितग्राही को* ⏭ शेष पेज 13 पर

### चालू माह में सभी मृत सदस्यों के नाम हटा दिए जाएंगे

*भौतिक सत्यापन में जिले में जारी राशन कार्डों में 10 हजार से अधिक सदस्यों की मृत्यु होना पाया गया है। इन सभी मृत सदस्यों के नाम कार्ड से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। चालू माहांत तक सभी नाम हटा दिए जाएंगे।*

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*




## खबर संक्षेप



### सेजेस में भारतीय भाषा पर आधारित समर कैंप का आयोजन

**सरायपाली।** छात्र-छात्राओं को बुनियादी संचार कौशल सीखने के लिए विद्यालय स्तर पर भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में किया जा रहा है। 26 मई से 7 दिनों की अवधि मं कुल 28 घंटे के लिए भौतिक रूप से भारतीय भाषा पर आधारित समर कैंप का आयोजन अपने आपमें अनूठा है। विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है। समर कैंप अंतर्गत मुख्य रूप से विद्यार्थियों के बीच आत्म परिचय, शब्दावली निर्माण, वास्तविक जीवन की बातचीत प्रथाओं, संस्कृति की सराहना, सुदृढ़ीकरण और आत्म विश्वास बढ़ाने क्षमता निर्माण आदि पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। समर कैम्प में विद्यार्थियों को बहुभाषावाद की समग्र समझ को तेज करने तथा एक से अधिक भारतीय भाषा सीखने के लिए रचनात्मक माहौल दिया जा रहा है। बहुभाषीता को बढ़ावा देने की सार्थक पहल है, यह समर कैम्प,इससे राष्ट्रीय एकता और एक भारत- श्रेष्ठ भारत की भावना प्रबल होगी। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी)-2020 के बहुभाषावाद और भाषाई सांस्कृतिक विरासत की समझ विकास पर आधारित है। भारतीय भाषा समर कैंप में संचालित एक्टिविटीज में इंट्रोडक्शन, वोकेबुलरी बिल्डिंग, प्रैक्टिकल कंवर्सेशन, कल्चरल लर्निंग और कांफिडेंस बूस्ट सेशंस शामिल हैं। यह भारत की भाषाई विविधता के संरक्षण का एक विशेष प्रयास है।

# धर्म, नीति एवं लोक कल्याण की प्रतिमूर्ति थीं माता अहिल्याबाई होलकर: चंद्रहास

## बसना में आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती में शामिल हुए बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना के मंडी प्रांगण में आयोजित पुण्य श्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह में बतौर मुख्य वक्ता बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर विशेष रूप से मंच पर सतीश अग्रवाल, एनके अग्रवाल, छत्तर सिंह नायक, नपं अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष डिलेश्वरी निराला, रमेश अग्रवाल, सेतराम पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में माता अहिल्याबाई होलकर द्वारा समाजहित में किए गए कार्यों का स्मरण किया गया। मुख्य वक्ता बीज निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि धर्म, नीति और लोक कल्याण की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी नेतृत्व, न्यायप्रियता और जनसेवा की अनुपम मिसाल थीं। उनका जीवन नेतृत्व, नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आज प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।



माता होलकर भारतीय संस्कृति की अद्वितीय प्रतीक थी। उन्होंने जीवनभर धर्म की पुनर्स्थापना, मंदिरों के पुनर्निर्माण और जनसेवा को अपना संकल्प बनाया। उनका जीवन सेवा, त्याग और सदाचार की मिसाल है, जो समाज को आज भी दिशा देता है। उन्होंने सामाजिक न्याय, प्रशासनिक दक्षता और महिला सशक्तिकरण की एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि दृढ़ निश्चय और सेवा भाव ही सच्चे नेतृत्व की पहचान हैं। यह आयोजन उनकी स्मृति को सम्मान देने की एक प्रेरणादायक पहल है। देश उनके योगदान को युगों-युगों तक स्मरण करता रहेगा।

चंद्राकर ने कहा कि आज देशभर में माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं शताब्दी पर उनके त्याग, समर्पण व जनसेवा के कार्यों का स्मरण किया जा रहा है। आज हम सभी को इस मंच के माध्यम से उनके सद् विचारों का अनुसरण करने का अवसर मिल रहा है, जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि गण, भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जेल, बाल संप्रेक्षण गृह, नशामुक्ति केंद्र सहित वृद्धजन सेवा सदन का निरीक्षण

## खानपान एवं स्वास्थ्य सहित दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो द्वारा जिला जेल, बाल संप्रेक्षण गृह सहित विभिन्न समाजहित के लिए संचालित सेवा सदनों का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो द्वारा बेमचा स्थित जिला जेल, बरोंडा बाजार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह, महिमा शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र सहित माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन का निरीक्षण किया गया।



जिला जेल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा अभिरक्षाधीन बंदियों को दिए जाने वाले विधिक सलाह एवं सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अभिरक्षाधीन बंदियों को उनके प्रकरणों में पैरवी के लिए निःशुल्क विधिक सहायता, सूओमोटो अभियान के तहत जमानत संबंधी प्रावधानों के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्होंने बाल संप्रेक्षण गृह में उपस्थित अपचारी बालकों को उनके प्रकरणों से संबंधी जानकारी, खान-पान, रहन-सहन एवं शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। इसके अलावा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो द्वारा महिमा शक्ति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्र पहुंचकर नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाए योजना 2015) की जानकारी देते हुए बताया कि नशे से व्यक्ति का जीवन एवं भविष्य और उसके परिवार, बच्चों और समाज के प्रति भूमिका सामाप्त हो जाती है। इसलिए जनमानस को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रकार माता कौशल्या वेलफेयर द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन में उपस्थित वृद्धजनों के उनके हालचाल व दी जा रही सुविधाओं के बारे में परख की। साथ ही वृद्धजनों को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धजनों के लिए चलाए जा रहे अभियान करूणा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए माता पिता भरण-पोषण अधिनियम के भी बारे में बताया। आश्रम में दी जा रही मूलभुत सुविधाओं से भी अवगत हुए। आश्रम में दी जा रही सुविधा जैसे भोजन, पानी अथवा मनोरंजन के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं तथा वृद्धजनों की देखभाल करने के निर्देश दिए।

### समर्पित जनसेवा के लिए हुलसी का पत्रकार महासंघ ने किया सम्मान



**महासमुंद।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के तृतीय स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित एक महाविद्यालय परिसर में आयोजित सामाजिक समरसता महासम्मेलन के अवसर पर महासमुंद जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर को उनके जनसेवा के प्रति समर्पण, सामाजिक योगदान और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती चंद्राकर को सम्मान-पत्र, पदक एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके लंबे समय से किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों एवं समाज के प्रति उत्तरदायी दृष्टिकोण के लिए प्रदान किया।

### नपाध्यक्ष ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बीटीआई रोड मार्ग चौड़ीकरण कार्य का आज पुनः निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने सख्त निर्देश दिए। साहू ने कहा कि यह हमारे शहर का बहुप्रतीक्षित मांग है। इस मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में किसी भी प्रकार से शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही सड़क के साथ बड़ी नाली निर्माण में ढलान की विशेष ध्यान रखे। नाली में ओवर फ्लो को शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता पूर्ण कार्य के लिए नियमित निगरानी की जाएगी।



### कांग्रेस नेता ने बागबाहरा पुलिस पर लगाया कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप

# एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर कल से अंकित करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बागबाहरा में 13 मई को राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित कर सार्वजनिक अश्लीलता परोसते हुए, जातिगत दुर्भावनावश टिप्पणी करने, सार्वजनिक जान से मारने की धमकी देने, बैंक लूटने की नीयत, गंभीर रूप से शारीरिक क्षति पहुंचाने की नीयत से भीड़ को उकसा कर बहला कर फुसला कर और गलत नीयत से सार्वजनिक महिलाओं के सामने,पूरे बागबाहरा शहर के सामने अश्लील अभद्र भाषा कर प्रयोग कर पूरे बागबाहरा मुख्य मार्ग, एसडीएम कार्यालय व बागबाहरा मंडी में अनर्गल प्रलाप करने वाले भाजपा पार्टी से जुड़े सत्ता के नशे में चूर हितेश चंद्राकर पिता नायकराम चंद्राकर के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज करने के लिए 1 जून से बागबाहरा थाने के सामने भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया है।



अंकित ने बताया भाजपा सरकार में पहले तो किसानों के हक से मिलने वाले फसल बीमा की राशि में कमीशन मांगी जाती है और जब इसके खिलाफ आवाज उठती है तो आवाज उठाने वाले को भाजपा राज में पहले जान से मारने की धमकी दी जाती है और जब उससे बात नहीं बनती है तो सार्वजनिक भीड़ एकत्रित कर जान से मारने की धमकी दी जाती है, जातियों में वैमनस्यता पैदा करने जातिगत गाली गलौज की जाती है, कई बार एनएच 353 पुलिस की उपस्थिति में जाम किया जाता है। महिलाओं व महिला अधिकारी के सामने अश्लील गाली गलौज की जाती है, पूर्व मुख्यमंत्री की मां के विषय में अनर्गल बात की जाती है, मेरे मृत पिता के बारे में गलत शब्दों का प्रयोग किया जाता है, मेरी मां के लिए अनर्गल टिप्पणी की जाती है और बागबाहरा पुलिस इसे मूकदर्शक बन देखते रहती है। अंकित ने बताया कि उनके द्वारा बागबाहरा एसडीओपी को दो बार आवेदन दे चुके हैं, वीडियो सारे व्हाट्सएप किए हैं, एसपी को दो बार आवेदन में वीडियो समेत दे चुके हैं, उनसे मिलकर तत्काल एफआईआर का निवेदन कर चुके हैं।

बावजूद इसके आज प्रथम आवेदन को दिए 17 दिन बीत जाने पश्चात भी सबूत होने के बावजूद एफआईआर नहीं किया जाना, भाजपा सरकार की सरासर दादागिरी, सुशासन तिहार और जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ाने के लिए काफी है। रिपोर्ट तत्काल सभी समुचित धाराओं के साथ लिखवाने और न्याय दिए जाने की मांग के साथ साथ रिपोर्ट ना लिखने वाले बागबाहरा टीआई को हटाने की मांग को लेकर मेरे द्वारा एक जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल व धरना अकेले बागबाहरा थाने के सामने दिया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# सात दिवसीय समर कैंप में हुई विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भाषा आधारित सात दिवसीय समर कैंप के तृतीय एवं चतुर्थ दिवस की संयुक्त गतिविधियां रोचक और ज्ञानवर्धक रहीं। इस दौरान बच्चों को मधुबनी चित्रकला के माध्यम से कला की बारीकियां सिखाई गईं। साथ ही शब्दकोश वृद्धि के उद्देश्य से 100-100 मसालों, सब्जियों और फलों के नाम लेखन का टास्क भी दिया गया।



कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे नवाचारी शिक्षक हेमंत खुटे ने बताया कि वे पूर्व में भी इस प्रकार के समर कैंप आयोजित कर चुके हैं। पाठ्यपुस्तक से इतर इन गतिविधियों में बच्चे पूरी रुचि और आनंद के साथ सीखते हैं। उन्होंने कहा, इस प्रकार के शिविर बच्चों में न केवल भाषा कौशल को बेहतर बनाते हैं, बल्कि रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति के विकास में भी सहायक होते हैं। मेजबान विद्यालय के प्रधान पाठक हितेश पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप के लिए संपूर्ण सप्ताह का दिवसवार शेड्यूल तैयार किया गया है। ताकि, प्रत्येक दिन की गतिविधियां रुचिकर और प्रभावी बनी रहें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से शिविर की प्रत्येक गतिविधि में अनिवार्य रूप से सहभागी बनने का आग्रह किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इस समर कैंप में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के कुल 62 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चतुर्थ दिवस की गतिविधियों में मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे, प्रधान पाठक हितेश पटेल, एवं शिक्षक संतोष कुमार साहू की विशेष उपस्थिति रही।

## 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने की अपील

**महासमुंद।** 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 5 लाख का स्वास्थ्य सहायता मिलेगा। अब तक वरिष्ठ नागरिकों को उनके परिवार को जारी राशन कार्ड के अनुसार संयुक्त रूप से बीपीएल कार्ड धारक को 5 लाख रुपए एवं एपीएल कार्ड धारक को 50 हजार रुपये तक का स्वास्थ्य सहायता का लाभ मिलता था।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य सहायता प्राप्त होगा। उक्त समस्त हितग्राहियों को योजना अंतर्गत पंजीयन कराना आवश्यक होगा। 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के जिन हितग्राहियों ने पूर्व में आयुष्मान कार्ड बना लिया है, उनको भी पुनः पंजीयन कराना आवश्यक है। पात्रता का आधार हितग्राही की आयु ही मात्र होगी, जिसे आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापित किया जाएगा। योजना अंतर्गत सभी को आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किया जाएगा। आयुष्मान वय वंदना कार्ड से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों को योजना अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में रुपये 5 लाख तक का स्वास्थ्य सहायता लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों से अपील है कि योजना के तहत पंजीयन के लिए अपना आधार कार्ड लेकर अपने नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन कराकर अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड अवश्य बनवाएं।

# समूह की महिलाओं का वुमैन फॉर ट्री अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में अमृत 2.0 और डे-एनयूएलएम के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम अमृत मित्र पहल के अंतर्गत वूमैन फॉर ट्री अभियान का सफल आयोजन किया गया। नगर पालिका बागबाहरा में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अमृत 2.0 और डे-एनयूएलएम के सहयोग से एक पेड़ माँ के नाम अमृत मित्र पहल के अंतर्गत वूमन फॉर ट्री अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत नगर के चिह्नित स्थानों जैसे सांस्कृतिक भवन, पुष्प वाटिका, और वार्ड 9 में स्थित नया गार्डन में महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में विशेष रूप से उन महिलाओं को शामिल किया गया, जिन्हें शहर की रिवॉल्विंग फंड योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। वूमैन फॉर ट्री अभियान का उद्देश्य नारी शक्ति को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करते हुए उनके सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में योगदान की सराहना की। इस आयोजन ने नारी शक्ति को नया आयाम प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल वर्मन, उप अभियंता शशि प्रताप सिंह, सीओ चमेली साहू सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रोहिणी भोई पिता युधिष्ठिर भोई जाति सवरा निवासी ग्राम बरतियाभांठा तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पुटका दिनाँक 05.04.2021 को आवेदक के माता स्व. प्रेमशिला की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04/06/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद
(छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## शिविर में 49 बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

**महासमुंद।** हमर स्वस्थ लइका शिविर, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान और कुपोषण मुक्त भारत जैसे कार्यक्रमों की ज़मीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है, जो यह दर्शाता है कि सरकार और साझेदार संस्थाएं मिलकर समुदाय स्तर पर बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश का हर बच्चा स्वस्थ, सुपोषित और सशक्त बन सके यही इस प्रयास का मूल उद्देश्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास, राज्य पोषण उत्कृष्ट केंद्र (एआईआईएमएस रायपुर) और यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 27 मई को हमर स्वस्थ्य लइका (सीएमएएम समुदाय आधारित तीव्र कुपोषण प्रबंधन) शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रदेश में कुपोषण से प्रभावित बच्चों की पहचान और उपचार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 49 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों की टीम, जिसमें डॉ. कुणाल नायक बाल रोग विशेषज्ञ, जॉन वरूर अलेक्जेंडर राज्य पोषण समन्वयक और रिया मुखर्जी जिला पोषण समन्वयक शामिल थे, ने प्रत्येक बच्चे की चिकित्सकीय जांच कर आवश्यक दवाइयाँ, परामर्श और पोषण संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस आयोजन को सफल बनाने में सीडीपीओ जीआर नारंग, बीएमओ डॉ. एचएल जांगड़े, बीपीएम शीतल सिन्हा, ब्लॉक समन्वयक दीक्षा पटेल एवं खुशबू चेलक सहित फील्ड स्टाफ का योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की श्वेता भगत विकासखंड समन्वयक बनीं

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखण्ड समन्वयक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए कोरबा के जमनीपाली निवासी श्वेता भगत का चयन मेरिट क्रम के आधार पर किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 साल के लिए होगी। नियुक्ति के दौरान एकमुश्त वेतन 39 हजार 875 रूपये दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति छ.ग.शासन के निर्देशानुसार छ.ग. सिविल सेवा, संविदा नियुक्ति के नियम के अधीन होगी। सीईओ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को 15 दिनों के भीतर जिला पंचायत में अपनी उपस्थिति देनी होगी। नियत तिथि के बाद उपस्थित होने पर संबंधित की नियुक्ति मान्य नहीं होगी और उनकी नियुक्ति खुद ब खुद निरस्त होगी।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### पहले दिन झालखम्हरिया, खट्टी, किशनपुर, टेका, गेर्रा एवं छिबर्रा क्लस्टर में पहुंचेगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प यात्रा का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस दौरान उन्होंने सुबह 10:30 बजे दो किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप मौजूद थे। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी। जिले में प्रतिदिन 3 रथ भ्रमण करेगी। इस रथ में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग द्वारा दृश्य एवं श्रव्य सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

विकसित कृषि संकल्प यात्रा में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 29 मई से 12 जून तक प्रत्येक दिन 3 टीमों द्वारा अलग-अलग विकासखंडों में दो-दो पालियों में





कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। टीम में कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी सम्मिलित होंगे। प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि इसकी शुरुआत गुरुवार 29 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत सहकारी समिति झालखम्हरिया एवं खट्टी से होगा। जिसके सफल संचालन के लिए मनीराम उईके वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों पालियों में 7-7 ग्राम पंचायत के कृषक सम्मिलित होंगे। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत प्रथम पाली में सहकारी समिति किशनपुर एवं द्वितीय पाली में टेका में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें क्रमशः 9 एवं 7 ग्राम पंचायत शामिल होंगे। अभियान के संचालन के लिए रोहित कुमार बरिहा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह सरायपाली विकासखंड अंतर्गत प्रथम पाली में क्लस्टर ग्राम पंचायत गेर्रा मिडिल स्कूल एवं द्वितीय पाली में छिबर्रा पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्रमशः 2 एवं 4 ग्राम पंचायत शामिल होंगे। इसके लिए बीएल मिर्धा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### मांग: सर्पदंश से पीड़ित के उपचार के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने वसूली राशि

# आवेदन पर पुनर्विचार स्मरण पत्र पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

भाजपा सरकार के सुशासन तिहार व समाधान शिविर सातवां चरण के बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत नर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रागण में 26 मई को आयोजित किया गया था। जिसमें 15 पंचायतों के ग्रामीणों ने मांग से लेकर शिकायत तक के आवेदन जमा किए। इसी प्रकार आवेदक सर्प दंश से पीड़ित गोविंदराम साहू पिता स्व दयाराम साहू (47) ग्राम झिटकी तहसील कोमाखान निवासी है, ने पुर्नयाचिका स्मरण पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी स्वास्थ्य सेवाएं छग के नाम दिया। जिसमें कहा गया कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में उनका इलाज चल रहा था। इस दौरान अस्पताल छलपूर्वक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित कर अवैध धन की राशि कुल 2 लाख 86 हजार 709 रुपए उपचार मद में गैर कानूनी वसूली होने एवं उक्त राशि में शासन संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं अटल नगर द्वारा दंडित राशि 1301602 रुपए शामिल राशि होने पर उक्त राशि में से कुल राशि आवेदक को राजस्व के तहत शासन द्वारा वसूल किया जाना था। सर्पदंश से पीड़ित का कहना है कि मुझे सर्प दंश पीडित होने से वहां भर्ती कराकर उपचार किया गया था। इनके पास केंद्र सरकार के योजना के अनुरूप आयुष्मान कार्ड उपलब्ध था। लेकिन, हॉस्पिटल द्वारा उक्त योजना का लाभ न देकर पीड़ित से गैर कानूनी जबरदस्ती ठग व धोखा देकर 286709 रुपए वसूल कर लिए। इस प्रकार छग व केंद्र शासन ने अनुबंध का उल्लंघन किया। उक्त पीड़ित व्यक्ति व उनके परिजनों ने अपराध दर्ज कराने के बाद भी उक्त राशि को हॉस्पिटल द्वारा वापस नही किया गया। सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति ने हॉस्पिटल के कृत्य से क्षुब्ध होकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, धोखा देकर नगद राशि वसूली करने के संबंध में संचानालय स्वास्थ्य सेवाएं अटल नगर को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस आवेदन का कोई जवाब न मिलने से सूचना के अधिकार के अंतर्गत 15 जनवरी 2025 को लगाया गया। संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर द्वारा आवेदक को 20 फरवरी को पत्र मिला। उक्त पत्र में संचनालय द्वारा अनावेदक आरोपी से पत्र व्यवहार के बाद भी प्रबंध संचालक राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा कोई उत्तर अप्राप्त होने की स्थिति में संचनालय द्वारा गैर कानूनी कृत्य के लिए अवैध वसूली का अर्धदंड तीन लोगों के खिलाफ कुल राशि 1301909 रुपए दंडित किया। आवेदक द्वारा संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं को 27 फरवरी 2025 को पत्र लिखा। उक्त राशि वसूल कर पीड़ित आवेदक के खाते में जमा के संबंध में प्रस्तुत किया। उक्त पत्र संचनालय छग को 1 मई 2025 को प्राप्त हुआ। आवेदक द्वारा आवेदन के संबंध में जो कंडिकाए 1 से 7 लिखी गई, जिसका कोई जवाब आवेदक को न देकर हॉस्पिटल के विरुध आयुष्मान भारत योजना को मात्र निलंबित किया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि आवेदक के पत्र कोई विचार न कर संचनालय को कार्रवाई अधूरी मानी जाए। कंडिका 7 में स्पष्ट रूप से उक्त राशि संचालक राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल से राशि वसूल कर आवेदक को दिए जाने का पक्ष रखा गया, जिस पर आज पर्यंत कोई कार्रवाई नही की गई। इससे आवेदक पुनः मानसिक रूप से प्रताड़ित हुआ। छग राजस्व नियम अंतर्गत कोई भी राशि वसूली का अधिकार कलेक्टर के माध्यम से तहसीलदार द्वारा किए जाने का स्पष्ट उल्लेख है, जो राजस्व नियम के अंतर्गत है। जिस पर संचनालय द्वारा राशि वसूली के संबंध में कोई भी कार्रवाई नही की गई। यहां भी आवेदक को घोर उपेक्षित होना पड़ा था। इस तरह आवेदक के आवेदन 27 फरवरी 2025 द्वारा भी कंडिका 6 में किया गया था कि अनुबंध भंग होने, पीड़ित व्यक्ति को धोखा देकर वसूली राशि करने, मानसिक पीड़ा पहुंचाने का भी अपराधिक मामला बनता है। उक्त कंडिका को अनदेखा किया गया। इसके बावजूद अस्पताल को क्लीन चिट दी जा रही है।





### हॉस्पिटल के विरूद्ध पक्षीय कार्रवाई

ज्ञात हो कि आवेदक के आवेदन पर पूर्ण विचार न किया जाना है। चूंकि, आवेदक के आवेदन को संचालक रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को न देकर आवेदन के प्रति उत्तर में मंगाया जा सकता था, जिस पर चूक हुई है। इससे स्पष्ट प्रतित होता है कि आवेदक आवेदन वास्तव में उचित है। अनावेदक द्वारा पूर्व में भी संचनालय में आज तक न उपस्थित होकर कोई भी अपना पक्ष नही रखा गया, इस प्रकार हॉस्पिटल के विरुध्द पूर्व में एक पक्षीय कार्रवाई की गई। संचनालय स्वस्थ्य सेवाएं द्वारा औपचारिक जांच कार्रवाई में आपक पत्र से जानकारी प्राप्त हुआ कि संचनालय ने राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल के विरुद्ध आयुष्मान योजना का अनुबंध भंग किये जाने से उक्त योजना के क्रियावंचित करने हॉस्पिटल पर 6 माह का रोक लगाया गया है। छग शासन स्वस्थ्य सेवाएं के नियम उपनियम के अंतर्गत ही प्रत्येक हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन होता है यदि कोई हॉस्पिटल उक्त स्वस्थ्य सेवाएं देने में कोताही बरतते है व सेवाएं देने में कमी या जान बूझकर लोगों से गलत ढंग से वसूली करते है, ऐसे अवस्था में भी क्यो न आस्पता ल चलाने से रोकने का आज तक कोई नोटिस संचालक राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल को नहीं दी गई, इससे भी इनका मनोबल बढ़ा है। वे स्वास्थ्य सेवाओं के कानून नियम का उलंघन है। आज भी संचनालय को नियमानुसार कार्रवाई कर हॉस्पिटल का रजिट्रेशन रद्द करने पर न्यायोचित कार्रवाई स्वस्थ्य लाभ समाजहित देशहित राज्य हित में है। आवेदक को अवैध रूप से वसूली राशि से संज्ञान लेकर राजस्व नियम के अतर्गत राशि दिलाई जाए और पीड़ित व्यक्ति आवेदक को दी जाए। संचनालय अवैध वसूली राशि भय दंड की वसूली शासन के नियमानुसार करें। यह भी कहा गया है कि आवेदक पीड़ित सर्प दंश व्यक्ति से अमानवीय व्यवहार किया गया। इसके लिए संचालक राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल जिम्मेदार है। तदानुसार आवेदक के आवेदन पर पुर्नविचार स्मरण पत्र पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की है।

# नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

बागबाहरा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने नगर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें वार्ड क्रमांक 15 में मंगल भवन, समाज भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया।

पिथौरा चौक में पाइपलाइन बिछाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। वार्ड क्रमांक 15 में मंडी तालाब के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया गया। वार्ड क्रमांक 12 में श्मशान घाट के उन्नयन कार्यों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता और ठेकेदार को कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बागबाहरा को स्वच्छ, सुंदर, और विकसित बनाना है। सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। नगर पालिका परिषद बागबाहरा नागरिकों के कल्याण और नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल नपाध्यक्ष सहित देवेश साहू उपाध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 6 पार्षद रमेश ठाकुर, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद मिथुन आमिर, वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद अनीता अजित टांडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन, उप अभियंता शशिप्रताप सिंह एवं ठेकेदार उपस्थित थे।



### स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बागबाहरा।** कोमाखान वार्ड नंबर 13 में असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट सौजन्य से स्किल इंडिया के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण, टैली प्रशिक्षण, केक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवती व महिलाएं लाभ ले रहे हैं। 90 घंटे 45 दिन तक का प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद भारत सरकार मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण सें स्वरोजगार के अवसर बढ़ेगा आत्मनिर्भर बनेंगे। असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के संचालक प्रेम निराला एवं प्रशिक्षक पिंकी देवांगन ने बताया कि कोमाखान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों सें आकर प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं।

# गांवों में अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की नजर नहीं, बढ़ती जा रही अपराध की घटनाएं: रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि जिले के बसना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को हिला दिया है। घटना भंवरपुर चौकी अंतर्गत की है। महेश यादव ने गांव में शराब बेच रहे परिवार से शराब बिक्री बंद करने की गुजारिश की थी। यह बात शराब माफियाओं को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने महेश यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शराब बेचने वाले परिवार के कई सदस्य एक साथ बुजुर्ग पर टूट पड़े और उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गांवों में अवैध शराब बिक्री पर प्रशासन की नजर नहीं है? क्या जिन परिवारों का जीवन शराब ने निगल लिया है, उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं? और क्या अब कोई भी व्यक्ति समाज के लिए बोलने से पहले सौ बार सोचेगा? इससे यह साबित होता है की भाजपा सरकार शराब बिक्री को बढ़ावा दे रही है। सरकार और प्रशासन के संरक्षण में हो रही है शराब बिक्री, इसलिए इस प्रकार की घटना हुई है। प्रतिदिन खबर आ रही है कि ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर, आबकारी जिला अधिकारी को शिकायत कर रहे, लेकिन कार्रवाई शून्य है। क्योंकि, शराब माफिया को खुला सरक्षण दिया जा रहा है।

# समता एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग पकड़ी जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

विशाखापत्तनम से निजामुद्दीन जाने वाली समता एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। गायत्री परिवार महासमुंद जिला द्वारा जहां महासमुंद दौरे पर पहुंचे पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक को डीआरयू सीसी मेंबर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। वहीं अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख, देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ प्रणव पंड्या ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मांग की है। हाल ही संपन्न डीआरयूसीसी संबलपुर की मीटिंग में सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इस मांग को रखा, जिसका सभी सदस्यों ने पुरजोर समर्थन किया तथा रेल अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को अनुशंसा कर पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर मुख्यालय भेजा। पूर्व तट रेलवे भुवनेश्वर द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह उत्तर रेलवे का क्षेत्रांतर्गत आता है। अतः डॉ पाणीग्राही ने नए सिरे से उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को दिल्ली एवं डीआरएम मुरादाबाद को एक्स मैसेज एवं पत्र लिखा है। साथ ही अब रेल यूजर्स, सामाजिक, व्यापारिक संस्थाएं एवं संगठन भी पुरजोर मांग कर रहे हैं कि समता एक्सप्रेस जो निजामुद्दीन में 13 घंटे बेकार खड़ी रहती है, इसे हरिद्वार तक बढ़ाया जाए। डीआरयूसीसी सदस्य पारस चोपड़ा ने कहा कि इससे जहां रेलवे का राजस्व बढ़ेगा। वहीं आंध्रप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित 7 प्रदेशों के लोगों को तपोभूमि तीर्थ क्षेत्र हरिद्वार के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध होगी। डीआरयूसीसी सदस्य लूणकरण जैन ने भी इसका पुरजोर समर्थन के साथ मांग की। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स महासमुंद जिला शाखा, महासमुंद चैंबर ऑफ कॉमर्स, स्टेशन सलाहकार समिति महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान, तेंदूकोना, पिथौरा, बसना, सरायपाली, झलप से व्यापारी संगठन, किराना संघ, कपड़ा संघ, दावा विक्रेता, सब्जी विक्रेताओं ने समता को हरिद्वार से चलाने की आवाज बुलंद की है। डॉ पाणीग्राही ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हम महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव चारों सांसदों को भी ज्ञापन दे रहे हैं एवं निवेदन कर रहे हैं कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाने जनभावना से अवगत कर स्वीकृत दिलाएं।

### हितग्राहियों को सौंपे गए राशन कार्ड, पेंशन आदेश और सम्मान पत्र

# शासन का समाधान शिविर बना ग्रामीण विकास का सेतू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी लोक कल्याणकारी पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत महासमुंद जिले में 5 मई से 30 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 मई को पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पथरला स्थित मिडिल स्कूल में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया। शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति आदेश, स्वसहायता समूहों को बैंक लिंकेज चेक तथा 16 लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इससे ग्रामीणों को न केवल योजनाओं का लाभ मिला, बल्कि शासन की योजनाओं से उनका सीधा जुड़ाव भी सशक्त हुआ।

इस अवसर पर ग्राम पथरला की सुमित्रा बंछोर, ग्राम पंचायत जबलपुर की जयंती भोई एवं सुनीता बिसी को प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्ड वितरित किए गए। राशन कार्ड प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। सुमित्रा बन्छोर ने कहा, अब हमें सस्ते दर पर राशन मिलेगा और हम अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पात्र बुजुर्ग श्यामलाल पटेल को पेंशन स्वीकृति आदेश सौंपा गया। उन्होंने कहा कि अब मेरी वृद्धावस्था कुछ सहज हो जाएगी, यह सरकार की ओर से बड़ा सहयोग है। आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में शिविर में स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज चेक प्रदान किए गए, जिसमें जय मां बंजारी स्वसहायता समूह आरंगी को 3 लाख, प्रियंका स्व सहायता समूह डोंगरीपाली को 1.50 लाख और वंदना स्व सहायता समूह, पथरला को 1.50 लाख की सहायता दी गई। वही आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं 16 लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनकी प्रेरणादायक उपलब्धियों का सम्मान किया गया। साथ ही बैंक द्वारा महिला समूहों को वित्तीय जानकारी दी गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं लक्ष्मी चौहान (बैतारी), राजनी बारिक (बम्हनी), रामदुलारी चौहान (पथरला), संगीता भोई, जयंती कश्यप (सराईपाली), उर्मिला गहिर (जबलपुर), भारती चंद्राकर एवं गंगा साहू (बम्हनी) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाधान शिविरों के माध्यम से शासन द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का संदेश पहुँच रहा है।



